卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 198 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦25 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# भक्तों के लिए खुले केदारनाथ धाम के कपाट

## सीएम धामी ने की पूजा अर्चना,पहले ही दिन दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

केदारनाथ (उद संवाददाता)। केदारनाथ धाम के कपाट मंगलवार सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाटोद्घाटन के शुभ अवसर पर केदारनाथ मंदिर को 35 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। वहीं, गायक रूप कुमार राठौर और सुनाली राठौर ने भजन की प्रस्तुति दी। सुबह पांच बजे से ही कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ बाबा केदार की पंचमुखी भोग मूर्ति चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान होकर रावल निवास से मंदिर परिसर में पहुंची। यहां रावल ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। इसके बाद रावल एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रशासन की ओर से मंदिर के कपाट खोले गए। कपाट खुलते ही धाम महादेव के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य पुजारी शिवलिंग ने गर्भ गृह में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद ग्रीष्मकाल के लिए केदारनाथ के दर्शन शुरू हो गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कपाट खुलने के मौके पर केदारनाथ धाम पहुंचना था। लेकिन (शेष पृष्ठ 7 पर)





## चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों के लिए पुख्ता इंतजाम: धामी



केदारनाथ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि का आशीर्वाद बाबा केदार से मांगा। उन्होंने मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा के लिए प्रदेश सरकार की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ देव दर्शन की सुविधा मिले। इसकी भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने भगवान केदारनाथ से सभी की मनोकामना पूर्ण करने की भी प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा में गत वर्ष की अपेक्षा अधिक श्रद्धालु प्रदेश में आकर चारों धामों के दर्शन कर पुण्य के भागी बनेंगे।

## विधायक के नाम पर अवैध वसूली,टैंपो चालकों का प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डी डी चौक से सिडकुल मेट्रोपोलिस को चलने वाले सीएनजी ऑटो चालकों से हो रही अवैध वसूली और मारपीट के विरोध में ऑटो चालक ने आज मेट्रपोलिस के पास प्रदर्शन किया। बाद में चालकों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल विक्रम राठौर को ज्ञापन सौंपकर उत्पीड़न और अवैध वसूली बंद करने की मांग की। आरोप है कि कुछ दबंग विधायक के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं और पैसे नहीं देने पर चालकों के साथ मारपीट की जा रही है। अवैध वसूली और मारपीट के विरोध में प्रदर्शन कर रहे ऑटो चालकों का कहना था कि डी डी चौक पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा सोमवार को ऑटो चालकों को जबरन रोककर अवैध वसूली की जा रही थी। इसका कारण पूछने पर गली गलौच और मारपीट भी की गयी। चालकों ने कहा कि पूर्व में भी इसी तरह की वसूली की जा रही थी। उस समय प्रशासन ने आश्वस्त किया था कि अवैध वसूली नहीं होने दी जायेगी। अब पुनः गरीब ऑटो चालकों के साथ उत्पीड़न और अवैध वसूली करके जुल्म किया जा रहा है। टैंपो चालकों ने विरोध प्रदर्शन के बाद कोतवाली पहुंचकर कोतवला को ज्ञापन सोंपा और एसएसपी को सम्बोधित ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। टैंपो यूनियन के अध्यक्ष सुब्रत कुमार विश्वास का कहना था कि अवैध वसूली करने वाले लोग खुद को विधायक के आदमी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक को इस मामले का संज्ञान लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)



## हिमांशु मिश्रा बने भाजयुमो कुमाऊं सह संयोजक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए हिमांशु मिश्रा व शैलेश जोशी को मोर्चा का कुमाऊं सह संयोजक मनोनीत किया है। उससे पूर्व हिमांशु मिश्रा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष और दो बार हल्द्वानी महानगर के अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन कर चुके हैं। हिमांशु के मनोनयन पर कई कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। वहीं हिमांशु ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं काआभार जताया।

## भाजपा नेता की छत्र छाया में फल फूल रहा गौमांस का अवैध कारोबार:तिवारी



किच्छा(उद संवाददाता)। बाबा नीम करौली सेवा संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व भाजपा नेता अजय तिवारी ने क्षेत्र मे हो रहे गो वंशीय पशुओं के वध को लेकर भाजपा के वर्तमान नेताओं पर हमला बोला है। तिवारी ने बगैर नाम लिए कहा कि एक भाजपा के वरिष्ठ नेता की छत्र छाया मे पल रहे लोगों के द्वारा सिरौली एवं आस पास के इलाकों में धड़ल्ले से गो वंशीय पशुओं की हत्या कर गो मांस का व्यापार किया जा रहा है। पुलिस भी आंखें बंद किए हुए है।उन्होंने कहा कि जो लोग ये दावा करते हैं कि उनके पशु तस्करों से कोई संबंध नहीं है। वर्तमान समय में गो वंशीय पशुओं के मांस की तस्करी में लिप्त लोगों से विशेष पार्टियों में शिरकत कर रहे हैं। यही नहीं चर्चित गो वंशीय तस्करी में नामजद लोगों को बीजेपी के मंत्रियों से मिलवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोतवाली से लगते कई इलाके गो वंशीय पशुओं के कत्ल गाह बने हुए है।उन्होंने कहा कि मामला प्रदेश के मुख्यमंत्री,सहित केंद्र की शीर्ष नेतृत्व के संज्ञान में भी लाया जाएगा और ऐसे पार्टी की छवि खराब करने वाले नेताओं को जनता के सामने बेनकाब किया जायेगा।

## सूडान में फंसे नंद किशोर का पता लगाने की लगाई गुहार

देहरादून(उद संवाददाता)। सूडान में चल रहे गृह युद्ध के बीच देहरादून के नंदकिशोर भी फंस गए हैं। 21 अप्रैल से स्वजन का उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। परिवार वालों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई है। जिला प्रशासन ने दिल्ली स्थित एंबेसी और पुलिस विभाग को जानकारी भेज दी है । जिलाधिकारी सोनिका ने बताया कि सूडान में अब तक देहरादून के एक ही व्यक्ति के फंसे होने की सूचना है। स्वजन से जानकारी लेकर दिल्ली में भारतीय दूतावास और पुलिस विभाग को मामले से अवगत कराया गया है। इस मामले में आगे की जानकारी भी जुटाई जा रही है। नकरौंदा निवासी 64 वर्षीय नंदकिशोर 20 मार्च को केमिकल फैक्ट्री में काम करने के लिए सूडान गए थे, लेकिन इसी बीच सूडान में गृह युद्ध के कारण वह वहीं फंस गए। परिवार वालों का कहना है कि उनसे 21 अप्रैल को सुबह बात हो पाई थी। उसके बाद से संपर्क नहीं हो पा रहा है। नंदकिशोर से बात न होने पर स्वजन काफी घबराए हुए हैं। हालांकि प्रशासन ने परिवार को हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया है।सूडान में फंसने वालों की जानकारी जुटा रहा पुलिस विभाग पुलिस विभाग सूडान में फंसे अन्य व्यक्तियों के बारे में (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिला अस्पताल में शुरू हुई अल्ट्रासाउन्ड विद इको मशीन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय, रूद्रपुर में कोविड-19 के दौरान प्राप्त अल्ट्रासाउन्ड विद इको मशीन को कक्ष संख्या-22 में स्थापित कर दिया गया है। उक्त मशीन पर मरीजों के अल्ट्रासाउन्ड कर शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डा० मनोज शर्मा द्वारा किया गया। डा० शर्मा ने बताया कि प्रति दिन प्रातःकाल उपलब्ध समायानुसार अपने कार्य के अतिरिक्त चिकित्सालय में अल्ट्रासाउन्ड करने का कार्य सम्पादित करेगें, जिससे चिकित्सालय में अल्ट्रा साउन्ड हेतु आने वाले मरीजों को लम्बा इन्तजार नही करना पड़ेंगा । इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक डा० आर के सिन्हा ने बताया कि जल्द ही उक्त मशीन से ईको कार्डियोग्राफी का लाभ भी मरीजों को मिलेगा। इस अवसर पर प्रबन्धक डा० अजय वीर सिहं नर्सिंग अधीक्षक नरेन्द्र तिवारी,पुनीत माथुर,सन्तोष मिश्रा, योगेन्द्र त्रिवेदी, महेन्द्र चौधरी, श्रीमति पिंकी बोरा, श्रीमति बबिता सामंत, नितेश कुमार, हेम चन्द्र पोखरिया, जेएल शाह आदि थे।

## पुलिस की तत्परता से बुजुर्ग को मिले गुम एक लाख रूपए



किच्छा (उद संवाददाता)।बेटे के इलाज के लिए रुपए लेकर अपने पारिवारिक मित्र को देने जा रहे एक बुजुर्ग के रेलवे स्टेशन के पास रुपए गिर गये। परेशान बुजुर्ग ने किच्छा पुलिस से मदद की गुहार लगाई । किच्छा पुलिस ने भी मानवता का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से किच्छा पुलिस ने बुजुर्ग की जेब से गिरे एक लाख रुपयों को बरामद कर पीड़ित व्यक्तियों तक पहुंचाया। उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी बनवारी लाल के पुत्र का इलाज रुद्रपुर के गौतम हॉस्पिटल में चल रहा है। इलाज के दौरान रुपयों की जरूरत पड़ने पर उन्होंने अपने मित्र के जरिए कुछ पैसे मंगवाये जिसको लेकर किच्छा रेलवे स्टेशन पर उतरते समय एक लाख की धनराशि अचानक गायब हो गई जिसकी रिपोर्ट किच्छा कोतवाली में दर्ज कराते हुए पीड़ित ने तत्काल पुलिस से मदद मांगते हुए कार्यवाही की मांग की। किच्छा कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर कॉन्स्टेबल देवराज कन्याल व दीपक बोरा को भेजते हुए तमाम सीसीटीवी कैमरों की मदद से गायब हुए एक लाख रूपये बरामद (शेष पृष्ठ 7 पर)

# केदारनाथ धाम में उमड़ी हजारों भक्तों की भीड़





केदारनाथ(उद संवाददाता)। केदारनाथ धाम के कपाट आज मंगलवार सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए है। ग्रीष्मकालीन कपाटोद्घाटन के शुभ अवसर पर 12वें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ मंदिर को 35 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। केदारनाथा धाम के परिसर में करीब आठ हजार श्रद्धालु कपाटोद्घाटन की पावन बेला के साक्षी बने। सुबह पांच बजे से ही वैदिक मंत्रेचारण और विधिविधान के बीच कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ बाबा केदार की पंचमुखी भोग मूर्ति चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान होकर रावल निवास से मंदिर परिसर में पहुंची। इसके बाद रावल एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रशासन की ओर से मंदिर के कपाट खोले गए। कपाट खुलते ही धाम महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद मुख्य पुजारी शिवलिंग ने गर्भ गृह में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद ग्रीष्मकाल के लिए केदारनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के शुभ अवसर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की है। करोड़ों भक्तों के अराधय देव बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिये हजारों यात्री पहुंचे हुए है। बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली यात्र सेना की 6-ग्रेनेडियर रेजिमेंट की बैंड धुनों के बीच सरकार ने हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा कराकर धाम में डोली यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर शंकराचार्य अविमुकैतेश्वरानंद सरस्वति भी केदारनाथ धाम पहुंचे। कपाटोद्घाटन के साक्षी बनने के लिए आठ हजार से ज्यादा श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं। इसके अलावा देर शाम तक पैदल मार्ग से श्रद्धालुओं का केदारनाथ पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में बारिश और बर्फबारी के अलर्ट को देखते हुए पुलिस की ओर से सोमवार को तीर्थयात्रियों को श्रीनगर और नई टिहरी में रोक दिया गया। श्रीनगर से आगे होटल बुकिंग करा चुके यात्रियों को मौसम को देखते हुए आगे भेजा जा रहा है। मौसम विभाग की ओर से भारी बर्फबारी और बारिश का अलर्ट जारी होने के बाद पुलिस यात्रियों को मुख्य पड़ावों पर रोकने लगी है। श्रीनगर में यात्रा वाहनों को एनआईटी के समीप रोककर अस्थायी पार्किंग में खड़ा करवाया जा रहा है। इसके अलावा एनाउंसमेंट कर यात्रियों से मौसम सामान्य होने पर ही आगे जाने की अपील की जा रही है। सोमवार शाम तक पार्किंग में लगभग 50 वाहन खड़े करवा दिए गए। जिन यात्रियों की बुकिंग श्रीनगर से आगे थी उन्हें कुछ देर रोक कर जाने दिया गया। दूसरी ओर टिहरी में भी पुलिस ने केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को फिलहाल रोक दिया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि यात्रियों को भद्रकाली, व्यासी में रोककर उन्हें फिलहाल ऋषिकेश में रुकने को कहा गया है। गंगोत्री और यमुनोत्री जाने वाले यात्रियों पर कोई पाबंदी नहीं है। श्रीनगर में 50 से अधिक होटल हैं जिनकी क्षमता लगभग डेढ़ हजार लोगों के ठहरने की है। यदि पुलिस-प्रशासन ठहरने की वैकल्पिक व्यवस्था करता है तो लगभग ढाई से तीन हजार यात्री यहां रुक सकते हैं। सीओ श्याम दत्त नौटियाल के अनुसार यदि कोई यात्री श्रीनगर से आगे होटल की बुकिंग करवाता है, तो स्लिप देखने के बाद उसे जाने दिया जाएगा। वहीं एनआईटी परिसर में बनाई गई अस्थायी वाहन पार्किंग में लाइट की व्यवस्था कर दी गई है। मोबाइल टॉयलेट और पानी का एटीएम भी स्थापित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम गुप्तकाशी पहुंच कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा के लिए प्रदेश सरकार की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ देव दर्शन की सुविधा मिले। इसकी भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने भगवान केदारनाथ से सभी की मनोकामना पूर्ण करने की भी प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा में गत वर्ष की अपेक्षा अधिक श्रद्धालु प्रदेश में आकर चारों धामों के दर्शन कर पुण्य के भागी बनेंगे। इस मौके पर विधायक केदारनाथ शैला रानी रावत, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, भाजपा की जिला अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र नेगी, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिडिल्याल आदि मौजूद थे।

## एडीजी ने केदानाथ धाम तक यात्रा पड़ावों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

रूद्रप्रयाग। चारधाम यात्रा की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों व सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों ने मार्चा संभाल लिया है। एडीजी ने यात्रा पड़ावों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए केदारनाथ धाम तक पैदल पहुंचे और सुरक्षा में तैनात जवानों को दिशा निर्देश दिये। सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ0 वी मुरुगेशन, द्वारा गौरीकुण्ड से केदारनाथ धाम तक पैदल चलकर यात्रा मार्ग पर स्थित पुलिस चौकियों व चौकपोस्ट क्रमशः गौरीकुण्ड, जंगलचट्टी (चौक पोस्ट) भीमबली, लैंचोली में नियुक्त पुलिस चौकी प्रभारियों व अधीनस्थ पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित कर पुलिस व्यवस्थाओं एवं यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत निरीक्षण/भ्रमण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अतिथि देवो भव की तर्ज पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार किये जाने, मौसम के अनुरूप सीमावर्ती चौकियों से पारस्परिक सम्पर्क बनाये रखने, आपात स्थिति में त्वरित रिस्पान्स करने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ यहां के चुनौतीपूर्ण मौसम में स्वयं का भी ध्यान रखने के निर्देश दिये गये। केदारनाथ धाम पहुंचकर पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे की उपस्थिति में केदारनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात, पुलिस, एसडीआरएफ, एलआईयू, फायर सर्विस, होमगार्ड पीआरडी जवानों की ब्रीफिंग कर एक टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। यहां पर तैनात पुलिस बल का मनोबल बढ़ाते हुए सुखद व सुगम केदारनाथ धाम यात्रा करवाने के निर्देश दिये गये।







# आपात स्थिति में एयर लिफ्ट किए जाएंगे यात्री

## मार्गों में 29 विशेषज्ञ व 182 डॉक्टर तैनात किये केदारनाथ मार्ग पर 14 मेडिकल रिलीव प्वाइंट बनाए

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान आपात स्थिति में तीर्थ यात्रियों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश और राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून व श्रीनगर में एयर लिफ्ट किया जाएगा, जिससे किसी भी गंभीर परिस्थिति में तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए सभी जिलों के डीएम व सीएमओ को निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि गत दिनों यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर हार्टअटैक से दो तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई थी। इसे देखते हुए उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग व चमोली के जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तीर्थयात्रियों को तत्काल एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश व राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून व श्रीनगर पहुंचाया जाए। जिससे समय रहते यात्रियों को गंभीर हालत में विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से बेहतर उपचार दिया जा सके।उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गों पर 48 स्थायी व 23 अस्थायी चिकित्सा इकाई स्थापित की गई हैं। जहां पर 29 विशेषज्ञ डॉक्टरों व 182 चिकित्साधिकारी तैनात किए गए हैं। 95 पीओसीटी डिवाइस उपलब्ध कराई गई हैं। इससे ईसीजी व ऑक्सीजन स्तर की भी जांच कर सकेंगे। इसके अलावा 272 पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती किए। इसमें 182 स्टाफ नर्स व 90 फार्मासिस्ट शामिल हैं। यात्रा मार्गों पर 200 एंबुलेंस की तैनाती की गई है। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कार्डिक सेंटर स्थापित किया गया। जहां पर कार्डियोलॉजिस्ट समेत



अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ तैनात रहेगा। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग समेत अन्य यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले जिलों के डीएम व सीएमओ को हेली एंबुलेंस सेवा के लिए अधिकृत किया गया।जिला अस्पताल उत्तरकाशी में कार्डिक यूनिट शुरू कर दी गई है जहां पर एक कार्डियोलॉजिस्ट सहित अन्य स्टॉफ हर समय तैनात रहेगा। इसकी प्रकार जानकी चट्टी मेडिकल रिलीव प्वाइंट पर एक प्रशिक्षित फिजीशियन व अन्य स्टॉफ तैनात किया गया है, जबकि गंगोत्री, यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर कुल 20 हेल्थ फैसिलिटी सेंटर बनाए गए हैं। जानकी चट्टी में एक कार्डिक एंबुलेंस भी तैनात की गई है। पूरे जिले में 5 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस व 9 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, 14 आपातकालीन एंबुलेंस 108 तथा 6 विभागीय एंबुलेंस तैनात हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर 14 मेडिकल रिलीव प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां पर प्रशिक्षित डॉक्टरों के साथ ही फार्मासिस्ट व अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की गई है। बदरीनाथ धाम सहित पूरे मार्ग पर भी स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। यहां आने वाले यात्रियों के लिए आपात स्थिति में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज को बेस कैंप मानते हुए डॉक्टरों डॉक्टरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीआरओ ने भारत का पहला गांव माणा का नया साइन बोर्ड लगाया

चमोली। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से सीमांत गांव माणा के प्रवेश द्वार पर देश के अंतिम गांव के स्थान पर पहले गांव का साइन बोर्ड लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सीमावर्ती क्षेत्र आज वास्तव में और अधिक जीवंत हो रहे हैं। इसके लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।बताते चलें कि 21 अक्तूबर 2022 को माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माणा गांव को भारत के अंतिम गांव




की बजाय देश का पहला गांव कहा था। पीएम मोदी ने कहा था कि सीमाओं पर बसा हर गांव देश का पहला गांव कहलाएगा।पहले जिन इलाकों को देश के सीमाओं का अंत मानकर नजर अंदाज किया जाता था, हमने वहां से देश की समृद्धि का आरंभ मानकर शुरू किया है। लोग माणा आएं, यहां डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रधानमंत्री 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बता चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्य योजनाएं जिला प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायतों के सहयोग से तैयार की गई हैं। इससे इन क्षेत्रों के उत्पादों जड़ी-बूटियों, सेब, राजमा सहित फसलों के साथ-साथ यहां विकास की संभावनाओं को पंख लगेंगे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाई आवाज

गदरपुर (उद संवाददाता) क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र पाल के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों एवं आम जनमानस ने तहसील परिसर पहुंचकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की। निकटवर्ती ग्राम नंदपुर के निवासी सूरजभान नाम के व्यक्ति का कहना है वह विगत लंबे समय से दाखिल खारिज के लिए तहसील में दर-दर की ठोकरें खा रहा है और तहसील के कर्मचारी दाखिल खारिज के नाम पर उनसे 15000 सुविधा शुल्क की मांग कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी



नेता राजेंद्र पाल ने उक्त घटना से उप जिलाधिकारी अनामिका को अवगत कराते हुए शिकायत दर्ज करायी। राजेंद्र पाल का कहना है जहां एक और प्रदेश की सरकार जीरो टॉलरेंस और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की बात करती है वही गदरपुर तहसील में सरेआम सुविधा शुल्क एवं रिश्वत की मांग पुरजोर तरीके से की जाती है जिस पर सरकार की आंखें बंद है ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर प्रधान गुरविंदर विर्क शराफत अली मंसूरी अजय गाबा, नंदन नैनवाल, राजू बाटला, डॉ महेंद्र सिंह, राकेश सिंह सहित लोग मौजूद रहे।

# कुमाऊँ क्षेत्र में 25 हेल्थ एटीएम स्थापित करने के लिए एमओयू

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चारधाम यात्रा मार्गों के लिए हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के सीएसआर के तहत प्रदान किए जाने वाले 50 हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग तथा एचपीई के मध्य मानसरोवर यात्रा हेतु कुमाऊँ क्षेत्र में 25 हेल्थ एटीएम स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हाल ही में राज्य के विभिन्न स्थानों में स्थापित किए गए हेल्थ एटीएम के माध्यम से 1700 से अधि



क लोग अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चारधाम यात्रियों हेतु हेल्थ गाइडलाइन्स जारी की गई हैं, जिनका पालन आवश्यक है। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, अपर सचिव सुश्री अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ. विनीता शाह, एमडी एचपीई श्री सोम सत्संगी, एचपीई सीएसआर श्री सुशील भाटला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम धामी ने गोलू देवता के दरबार में लगाई हाजिरी


अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा भ्रमण के दौरान न्याय के देवता गोलू देव मंदिर (चितई) में पहुंचकर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि की मंगल कामनाएं की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भगवान केदारनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। उन्होंने



चार धाम यात्रा के सफल एवं निर्विघ्न रूप से संचालन हेतु न्याय प्रिय देवता गोलू देव से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की उन्नति एवं समृद्धिकेलिएमंदिर में घंटी एवं पत्र भी चढ़ायाइस दौरान सांसद अजय टम्टा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी कैलाश शर्मा, डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रवि रौतेला समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताजिलाधिकारी वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रचिता जुयाल, उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य उपस्थित रहे।

# 28 अप्रैल को सीएमओ कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन- बेलवाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद के सरकारी अस्पतालों में फार्मासिस्टों का मांगों को लेकर काले फीते बांधकर रोष आज भी जारी रहा। इसके साथ ही जिले के फार्मासिस्ट सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष बीएन



बेलवाल ने बताया कि 16सूत्रीय मांगों को लेकर काली पट्टी बांध कर एसोसिएशन संघर्षरत है। उन्होंने सरकार पर कर्मियों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि आईपीएचएस मानकों में संशोधन कर चिकित्सालयों में बढ़ते काम के दवाब को देखते हुए फार्मासिस्टों के पदों में वृद्धि करने की मांग के साथ ही अन्य मांगों का भी समाधान करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को फार्मासिस्ट सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर आंदोलन शुरू किया गया है। उन्होंने कर्मियों से 28 अप्रैल को सीएमओ कार्यालय पहुंचने की अपील की। इस दौरान आरएस अधिकारी, जेएस शाह, एचसी पोखरियाल, जेपी आर्या आदि मौजूद रहे।

# कालिंदी अस्पताल को पांच साल के लिए किया ब्लैक लिस्ट

देहरादून। आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने कालिंदी अस्पताल को पांच साल के लिए काली सूची में डाला दिया है। इस संबंध में प्राधिकारी के निदेशक प्रशासन डॉ. वीएस टोलिया ने आदेश जारी किए हैं प्राधिकरण ने ऑडिट में कालिंदी अस्पताल में मरीजों के इलाज में फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। जिसमें 171 सर्जरी के मामलों में मरीजों के मेडिकल रिपोर्ट में डॉक्टर के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। जबकि 410 मरीजों के इलाज में ओटी टेक्नीशियन से एनेस्थसिया दिया गया।इस पर प्राधिकरण ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ विकासनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही अस्पताल के 11 करोड़ से अधिक के क्लेम को रद्द करने की कार्यवाई कर आयुष्मान योजना की सूचीबद्धता समाप्त की गई। अब प्राधिकरण ने अस्पताल को पांच साल के लिए काली सूची में डाला दिया है।

# ठोकर लगने से महाराष्ट्र के तीर्थयात्री की मौत

देहरादून। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए महाराष्ट्र के एक यात्री की जानकीचट्टी पार्किंग में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यात्री पार्किंग में ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल यात्री को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार, मुरलीधर सुखदेव पाटिल पुत्र सुखदेव पाटिल (67) निवासी साने गुरुजी कॉलोनी पारोल जिला जलगांव, महाराष्ट्र यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए थे। यात्रा के दौरान जानकीचट्टी पार्किंग में पत्थर पर ठोकर लगने के कारण वह गिर गए। इस दौरान उनके सिर सहित अन्य शरीर के अंगों में भी चोटें आई। आनन-फानन साथी यात्रियों और वहां पर मौजूद लोगों ने घायल मुरलीधर को यात्रा अस्पताल जानकीचट्टी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# लावारिस और खुंखार कुत्तों को लेकर बैठक का आयोजन


सितारगंज (उद संवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र में लावारिस एवं खूंखार कुत्तो से निजात के लिये बैठक का आयोजन किया गया। गिरीश चंद्र खोलिया की जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए पालिका की ओर से पशु चिकित्सालय के अधिकारियों संग बैठक की गई। बैठक में पशु चिकित्साधिकारी दफ्तर से आए प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि लावारिस, बीमार और आक्रामक कुत्तों के लिए संपूर्ण चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध है। कहा कि यदि ऐसा पशु पाया जाता है तो उसकी चिकित्सीय देख रेख विभाग करेगा। कहा कि इस पर काम करने वाले एनजीओ से संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। कुत्तों को पकड़ने के लिए एक्सपर्ट डॉग सेंटर से भी संपर्क करने व डॉग शेडर बनाने के लिए भी शासन में मांग रखने का प्रस्ताव रखा गया। वहां ईओ प्रियंका आर्या व राजस्व निरीक्षक, पालिका बाबू राजेश अरोरा एवं पालिका के सफाई नायक आदि रहे।

# फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट हो जान से मारने की धमकी देने के मामले में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक नागनाथ मंदिर मोहल्ला कटोरा ताल निवासी कन्हैया भटनागर पुत्र लक्ष्मण प्रसाद झगड़ा फसाद के एक मामले में पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय में समय से हाजिर न होने पर कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# शांति भंग के आरोप में एक का चालान

काशीपुर। शांति भंग के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति का चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक गोपीपुरा काशीपुर निवासी सनी पुत्र बाबू सिंह पारिवारिक मामले को लेकर उत्पात मचा रहा था। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर युवक को समझाने का प्रयास किया। जब वह नहीं माना तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्यवाही कर दी।



# पर्यटन उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों के विकास की धुरी: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सोमवार को राजभवन से दून विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश- उत्तराखण्ड आर्थिक संघ के 18वें सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली सम्बोधित किया। उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में हैं और हमने मिलकर पिछले कुछ वर्षों में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों ने अपने-अपने विकास पथ चुने हैं, तो अवसरों को साझा करने के साथ साथ हमने कुछ सामान्य चुनौतियों का सामना भी किया है। राज्यपाल ने कृषि की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि कृषि दोनों राज्यों के लिए एक प्राथमिक उद्योग है। हमारा आधे से अधिक कार्यबल विभिन्न प्रकार के अनाज, जैविक उत्पादन और फसलों के निर्माण, उत्पादन और विकास में शामिल है। साथ ही प्राकृतिक आपदा, मौसम की स्थिति, सिंचाई के खतरों और सीमित बाजार पहुंच के कारण, दोनों राज्यों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा कि इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान खोजना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि अवस्थापना इस एसोसिएशन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है जो दोनों राज्यों में आर्थिक विकास



में वृद्धि का सूचक है। हम कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उत्तर प्रदेश या उत्तराखण्ड में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के पास बिजली, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं हों। हमारी राज्य सरकारों ने भी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं और शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन दोनों ही राज्यों के विकास की धुरी है। साहसिक,आध्यात्मिक और वेलनेस संबंधी पर्यटक हर साल बड़ी मात्रा में उत्तराखण्ड आते हैं। उत्तराखण्ड देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों का घर है, जिसमें हमारे देश भर के छात्र उपस्थित हैं। अपने योग और वेलनेस के लिए जाने जाने वाले ऋषिकेश साल-दर-साल पर्यटकों के स्कोर को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा विकास और विकास पर विचार-विमर्श करने के लिए, हमें पहले अपनी धारणा को पहचानना होगा और स्थायी और समावेशी विकास के प्रति इसके बड़े स्वरूप को आकार देना होगा। क्षेत्रीय विकास दोनों राज्यों की वृद्धि और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, और यह आवश्यक है कि सरकार और अन्य हितधारक इन राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित विकास प्राप्त करने की दिशा में काम करें। राज्यपाल ने कहा कि हमें ध्यान देना होगा कि विकास और प्रगति के इस मार्ग में हम महिलाओं की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। महिला सशक्तिकरण से ही हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन की चर्चाओं और विचार विमर्श से सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे और सम्मेलन से निकलने वाली सिफारिशें और समाधान उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में मदद करेगी।

# पर्यावरण मित्रों को बांटी मच्छरदानी और सैनिटाइजर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मलेरिया दिवस से पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने नगर निगम में आयोजित एक कार्यक्रम में पर्यावरण मित्रों को मच्छरदानी और सैनिटाइजर वितरित किये। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि तराई में मच्छरों का प्रकोप हमेशा से ही रहा है। जिस कारण यहां मलेरिया डेंगू जैसी बिमारियां भी समय समय पर तेजी से फैलती रही है। गरमी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप अत्यधिक बढ़ जाता है जिसके लिए सभी को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए नगर निगम रुद्रपुर द्वारा समस्त वार्डों में विशेष सफाई अभियान के साथ साथ दवा छिड़काव एवं फॉगिंग युद्ध स्तर पर



किया जा रहा है लेकिन लोगों को खुद भी सफाई को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सफाई को लेकर जागरूक होंगे तो मच्छर का प्रकोप भी कम होगा और मच्छरों से फैलने वाली बिमारियां नहीं फैलेंगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहरवासियों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। साथ ही पर्यावरण मित्रों के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर है। पर्यावरण मित्र अपने स्वास्थ्य की परवाह किये बिना शहर की सफाई को दुरूस्त रखते हैं इसी लिए मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम की ओर से पर्यावरण मित्रों को मच्छरदानी और सैनिटाइजर वितरित किये गये हैं। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त श्रीमती राजू नबियाल पार्षद सुशील चौहान, रंजीत सागर, राजेश जग्गा, विनय विश्वास, मुकेश राजोरिया, सुनील कुमार,सोनू मुल्तानी, लक्ष्मण चौहान, राजीव कुमार सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे ।

# पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों को स्वरोजगार के लिए लगाये विशेष कैम्प: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। सैनिक पुनर्वास संस्था, केंद्रीय सैनिक बोर्ड और अन्य संस्थाओं द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सैनिकों तथा उनके आश्रितों को मिले इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। यह बात राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था की बैठक लेते हुए कही। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक पुनर्वास संस्था, संचालित योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करे।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने और अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में पात्र लोग योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं इस पर विशेष फोकस करने की जरूरत है। राज्यपाल ने योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए नयी तकनीकों के साथ-साथ वेबसाइट, सोशल मीडिया, मास मीडिया का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों,



उनके आश्रितों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने के लिए विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण एवं जानकारी उपलब्ध करायी जाए इसके लिए जनपदों में तैनात सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी समन्वय किया जाय। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है यहां भूतपूर्व सैनिक राज्य में जैविक खेती, नेचुरल फार्मिंग, वनीकरण और सीमांत क्षेत्रों से रिवर्स पलायन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, इस पर भी कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि योजनाओं के बेहतर उपयोग के लिए सभी पूर्व सैनिक, उनके आश्रितों को शामिल करने के लिए एक डाटा बेस तैयार किया जाए। इस बैठक में सचिव सैनिक पुनर्वास श्री दीपेन्द्र चौधरी द्वारा प्रबंधन समिति की आगामी बैठक हेतु बिन्दु प्रस्तावित किए गए। इस बैठक में सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृतलाल, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव तथा उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोतवाल राठौर को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा मंच (अनुसूचित जाति) के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल विक्रम राठौड़ का जन्म दिन पर स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर अंबेडकर मंच के संयोजक दीपक सागर ने कहा कि कोतवाल विक्रम राठौर एक सरल, विनम्र,कुशल व्यवहार के धनी हैं जिनसे जनता सीधे मिलकर अपनी समस्याओं



का निराकरण कराती है। कोतवाल की कार्यकुशता से शहर में अपराधों में कमी आयी है। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया,कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली, शैलेंद्र कोली,युवा भाजपा नेता किरणपाल,अधिवक्ता सुशील कुमार,गोल्डी सागर, अमन सागर,सोनू पटेल,सोमपाल कोली,तेजभान कोली, अमन सागर कृष्णाकोली सौरभ सागर शिवसागर,रामपाल कोली,राजीव सागर आदि मौजूद थे।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय ड्रॉप रोबॉल खेल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

## भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय ड्रॉप रोबॉल खेल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग से स्वास्थ्य के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यही आत्मविश्वास जीवन की कठिन परिस्थितियों में साहस प्रदान करता है। हर विद्यार्थी को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। खेल शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्तर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। साथ ही खेल व्यक्ति के अंदर प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता लाने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की धामी सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए खुलेमन से काम कर रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाता है जिसमें ग्राम पंचायत स्तर से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। धामी सरकार मे खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में भी प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्य अतिथि विकास शर्मा एवं प्राचार्य कमल किशोर पांडे ने कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्मण सिंह को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आगे भी आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, पीएनजी महाविद्यालय रामनगर, डीएसबी परिसर नैनीताल, एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी और राधे हरी राजकीय महाविद्यालय काशीपुर के खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होनें बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली टीम कुमाऊं विश्वविद्यालय की दोनों टीमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में 26 से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ड्रॉप रो बॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी जहां पर देश भर की लगभग 30 महिला पुरुष टीमें प्रतिभाग करने जा रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडे ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार,लोकेश पांडे, अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी और पूर्व महाविद्यालय के छात्र लक्ष्मण सिंह, योगेश चंद्र पोखरिया मौजूद थे।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# डीएम ने किया कृषक महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कलेक्ट्रेट में आयोजित कृषक महोत्सव खरीफ-2023 का जिलाधिकारी युगल किशोर पंत व किसानों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तीन किसान रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो 24 अप्रैल से 03 मई तक जनपद के सभी न्याय पंचायतों में जाकर किसानों को कृषि से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायेगी। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगायें गये स्टालों को निरीक्षण किया एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित स्थानीय उत्पाद भी खरीदे। उन्होने कहा कि हमारा जनपद कृषि प्रधान जनपद है और यहां के कृषक में विभिन्न फसलों का अच्छा उत्पाद भी करते है। उन्होने कहा कि किसानों की जानकारी के उद्देश्य से कृषक गोष्टी का भी आयोजन किया गया है व विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाये गये है। उन्होने कहा कि जनपद में सीमित भूमि में अच्छी तकनीक, उन्नतशील बीजों का प्रयोग करकें कम लागत में अधिक पैदावार हो और सकल आय में बढ़ोतरी हो इस ओर सरकार विभिन्न विभागों के माध्यम से इस योजना को आगे बढ़ा रही है। उन्होने कहा कि जो किसान आज यहां आये है वे यहा पर लगाये गये स्टालों से नई-नई तकनीकि जानकारी व नई कृषि यंत्रों की जानकारी अवश्य लें। उन्होने कहा कि गोष्टी में कृषि, पशु पालन, उद्यान व कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को नई-नई तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी है जिससे कृषक नई तकनीक का प्रयोग कर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते है। गोष्टि में मोटे अनाज का उत्पादन करने व स्वास्थ्य के लिये उसके फायदों के बारे में भी विशेषज्ञों द्वारा बताया गया है। किसानों ने भी फसलों में लगने वाली विभिन्न बीमारियों से बचाव व उत्पादन बढ़ाने आदि की जानकारी विशेषज्ञों एवं विभागों से प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, किसान, अरूण कुमार शर्मा, ठा. जगदीश सिंह, अनिल दीप महल, सुरेश सिंह राणा, किशन सिंह, जीत सिंह, धर्म सिंह, राकेश, रामचरन सिंह, सतनाम सिंह, दीपा देवी भगवान सिंह, राम भरोसे, गुरविन्दर सिंह, कुलदीप सिंह, सुनीता देवी, सत्यवती, राजवती, कमला देवी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व कृषक उपस्थित थे।





# रिजवी के निवास पर हरदा का हुआ स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विगत दिवस पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जाहिद रजा रिजवी के निवास पर पहुंचकर ईद की बधाई दी। इस दौरान श्री रावत का वहां पहुंचने पर रिजवी परिवार ने हरीश रावत का स्वागत किया और उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर हरीश रावत ने कहा कि तराई कौमी एकता का गुलदस्ता है यहां पर हर पर्व को मिल जुलकर मनाने की परम्परा है। कौमी एकता को बनाये रखने हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार आपसी भाईचारा व सद्भावना का प्रतीक है। इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर प्रेम का



संदेश देते हैं। वास्तव में यह त्योहार प्रसन्नता और पारस्परिक मधुर मिलन के भाव को प्रकट करता है। इस त्योहार का मानवता की दृष्टि से सबसे बड़ा उद्देश्य प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ावा देना है। समग्र मुस्लिम समाज में यह त्योहार नवजीवन का संचार करता है ।यह त्योहार हमें प्रसन्नता, समानता, भाई-चारे एवं निस्वार्थ मेल-मिलाप का संदेश देता है। इससे पूर्व शहर में पहुंचने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने हरीश रावत का स्वागत किया और पार्टी संगठन और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर उनके साथ चर्चा की। इस दौरान जाहिद रजा रिजवी, गोपाल भसीन, सीपी शर्मा आदि भी मौजूद थे।

# जनता दरबार में आई 28 समस्याएं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत तहसील कपकोट में जनता मिलन, जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर विधायक सुरेश गडिया, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल व मुख्य विकास





अधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ,विधायक गडिया ने कहा कि जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कपकोट क्षेत्र में वैबकॉस व पीएमजीएसवाई द्वारा किए जा रहे सडक व पुल कार्यो की तृतीय पार्टी से जांच करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिए।जनता मिलन में सडक, पुल, पेयजल, विद्युत,आपदा, सिंचाई, जल जीवन मिशन, मुआवजा आदि से संबंधित 28 समस्यायें मुख्य रूप से जनता द्वारा उठाई गई। वहीं दुर्गा कोरंगा ने शहीद सैनिको को आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने तथा अर्द्धसैनिकों को भी सम्मान दिए जाने का अनुरोध किया। उनिया- सोराग मोटर मार्ग निर्माण के साथ ही पुलिया निर्माण कराने, जनता दरबार में बदियाकोट में झूलते विद्युत तारों को ठीक करने व ट्रांसफार्मर लगाने का अनुरोध किया, जिस पर विधायक अवर अभियंता को मंगलवार को बदियाकोट जाकर सर्वे करते हुए झूलते तारों को कसने तथा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वंशीधर पांडे ने 1964 भूमि की नकल दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने मंगलवार को बागेश्वर आकर नकल ले जाने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, ने अधिकारियों को जनता मिलन कार्यक्रम में उठी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख गोविन्द दानू, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी मोनिका,पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, मुख्य चिकित्साधिकारी ड़ा. डीपी जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आरचन्द्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल में गर्मी के मौसम के बीच बारिश आंधी तूफान के बीच ठंडा गर्मी के बीच मौसमी विमारिया बढ़ने लगी है,मौसमी विमारियों के चलते सर्दी जुखाम





खांसी बुखार,पेट दर्द, अपच, उल्टी आने, भूख कम होने की शिकायतों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है, जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों का तांता लगे रहा, वही अस्पताल में मरीजों को देखने के लिए चिकित्सक कक्ष के बाहर मरीज अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, वही बाल रोग फिजीशियन आदि कक्ष में मरीजों को चिकित्सक से इलाज कराने के लिए लाइन में लगे रहना पड़ा, वही जहां जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ ड़ा रवींद्र मेर ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अभिवावकों को सचेत रहने, बिना चिकित्सक के परामर्श के झोलाछाप चिकित्सकों से दवाइयां नही लेने, बच्चों के खानपान, बासी भोजन नही करने, बाहरी फास्ट फ्रूट से बचने, पोषक तत्वों से युक्त भोजन करने, वही खाने से पूर्व अच्छी तरह हाथ धोकर बच्चे को भोजन कराने,पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने, उबला हुआ पानी पीने,की सलाह दी, वही अभिवावकों को विमारी के समय आवश्यक चिकित्सीय परामर्श से ही दवाओं का सेवन करने की सलाह दी, जिलाअस्पताल में तैनात फिजीशियन ड़ा ड़ा चन्द्र मोहन भैसोड़ा के कक्ष में भी मरीजो की भीड़ लगे रही,वही फिजीशियन द्वारा सोमवार को अकेले डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की जांच कर उनका उपचार और आवश्यक सलाह और दवाइयां दी। उन्होंने सभी मरीजों को बदलते मौसम के बीच स्वास्थ का बेहतर ख्याल रखने की सलाह दी।इस दौरान जिला अस्पताल में पांच सौ तक ओपीडी हुई।

# बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करने पर बोट चालकों को फटकारा

नैनीताल। सरोवर नगरी में विभिन्न बोट स्टैंडों पर पर्यटकों द्वारा बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करने के प्रकरण संज्ञान में आने पर उपजिला मजिस्ट्रेट नैनीताल राहुल शाह द्वारा नगर पालिका की टीम के साथ तल्लीताल और मल्लीताल में स्थित बोट स्टैंडों का अचौक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 10 से अधिक नौकाओं में पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के बोटिंग करते हुए पाए गया । ऐसे बोट चालकों को फटकार लगाते हुए उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही के साथ साथ लाइसेंस निरस्त करने हेतु नगर पालिका को निर्देशित किया गया है । कई पैडल बोट में भी कई पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के बोटिंग करते पाए गए ऐसे बोट संचालकों के लाइसेंस निरस्त करने और झील में लाइफ जैकेट उतरने वाले पर्यटकों का भी चालान काटने हेतु नगर पालिका को मौके पर निर्देश दिए गए। अलका होटल बोट स्टैंड में एक नौका चालक नशे में होने पाया गया , जिसे मौके पर पुलिस के हवाले करते हुए कार्यवाही हेतु तल्लीताल प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया । दर्शनघर के पास के बोट स्टैंड पर पैडल बोट संचालक द्वारा बोटों पर संख्या न अंकित करने और बिना पालिका के अनुमति के प्रचार सामग्री पाए जाने पर उपजिलाधिकारी नैनीताल ने बोट स्टैंड को पालिका से सीज करवाया । कई बोट स्टैंडों पर गंदगी पाए जाने पर सबंधित नौका चालकों को सफाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं । उक्त निरीक्षण में नगर पालिका कर निरीक्षक शिवराज नेगी , राजस्व निरीक्षक और पालिका कर्मी उपस्थित रहे ।



# राहगीरों को बांटा मीठा शर्बत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के टैगोर नगर रोड पर स्थित पूर्व भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विश्वजीत हालदार व हालदार परिवार के सौजन्य से तपती गर्मी से निजात के लिए प्यासे राहगीरों को छबील लगाकर मीठा शर्बत बांटा गया।पूर्व भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विश्वजीत हालदार ने कहा कि वे



सदैव समाज हित के कार्यो में प्रथम पंक्ति में खड़े होकर अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता श्री संजय बछाड़, दीपक कालरा, सुखचंद मल्लिक , जिला युवा मोर्चा महामंत्री मयंक अग्रवाल, मंडल महामत्री मनोज सरकार, राघव सिंह, सभासद पति मुकुल पोद्दार , उत्तम दास, गोविंद पोखरिया , मिलन राय , सुबीर सरकार , मिथुन मंडल, अमन हालदार , राजा हालदार , किशोर राय, बादल मजूमदार, राकेश मंडल आदि मौजूद थे।

# मानव एकता दिवस पर निरंकारी सतसंग आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में एक विशाल सत्संग का आयोजन निरंकारी सत्संग भवन गोजाजली बरेली रोड में किया गया। जिसमे स्थानीय प्रचारक बहन नीलू चावला ने कहा कि बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के धनों से मुक्त करवाया। साथ ही समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया। जिनमें सादा शादियां, नशा मुक्ति एवं युवाओं को खेलो के प्रति प्रेरित किया। समाज में व्याप्त कुरीतियों के उस दौर के उपरांत बाबा हरदेव सिंह जी के प्रेरक संदेश शरक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों में के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को एक नई सकारात्मक दिशा मिली। उसी प्रेरक संदेश को प्रत्येक निरंकारी भक्त मानवता के उपकार हेतु निरंतर उसे जीवन्त रूप में अपनाकर लोककल्याणार्थ हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। अंत में उन्होंने संसार भले की प्रार्थना की। मिशन द्वारा लगर का आयोजन किया गया।



# सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए टोल फ्री नम्बर जारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सूडान संकट के कारण सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों की सकुशल वापसी हेतु जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने नंबर जारी किया है। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूडान संकट के कारण सूडान में फंसे भारतीय नागरिको की सकुशल वापसी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिये सूडान में फंसे हुए भारतीय व्यक्तियों की ट्रैकिंग कराने के लिए उनके विवरण संकलित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अन्तर्गत निवास कर रहे ऐसे नागरिक जिनके परिजन सूडान में फसे हुये हैं। उनके परिवार के समस्त सदस्यों के नाम पासपोर्ट नम्बर और सूडान सम्पर्क नम्बर वाट्सएप नम्बर तथा यदि व्यक्ति की लोकेशन का पूर्ण पता सम्भव हो तो जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय के कन्ट्रोल रूम के नम्बर 05944-250250, 250719 टोल फ्री नं0 1077 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिलाधिकारी ने बताया कि प्राप्त सूचना शासन को उपलब्ध कराते हुये भारत सरकार को प्रेषित की जायेगी, जिससे सूडान में फसे भारतीय नागरीको को सकुशल वापसी हेतु देशवासियों द्वारा एंबेसी के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्राप्त होगा।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अमृतपाल की गिरफ्तारी

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह आखिरकार पंजाब पुलिस की गिरफ्त में आ गया। इस तरह एक महीने से अधिक समय से दोनों के बीच चल रहा चूहे–बिल्ली का खेल समाप्त हो गया। पंजाब सरकार अब अपने कंधे थपथपा रही है कि उसने शांति भंग करने वालों पर नकेल कसने में कामयाबी हासिल की है। जबकि अमृतपाल ने कहा कि उसने आत्मसमर्पण किया है।अमृतपाल पिछले करीब छह महीने से 'वारिस पंजाब दे' नामक संगठन के जरिए खालिस्तान के समर्थन में लोगों को उकसा रहा था। इस बात के भी प्रमाण उजागर थे कि उसे ब्रिटेन में बैठे खालिस्तान समर्थकों से मदद मिल रही थी। पंजाब में अपना जनाधार मजबूत करने के लिए अमृतपाल ने गुरुग्रंथ साहब की आड़ ली और सिख धर्म की रक्षा का नारा बुलंद किया था।इस तरह उसने अच्छी संख्या में युवाओं को अपने साथ खड़ा कर लिया था। उसकी ताकत तब समझ में आई जब उसके एक समर्थक को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने हथियारबंद होकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। आखिरकार उसके उस समर्थक को छोड़ना पड़ा था। मगर अमृतपाल तभी से पंजाब पुलिस की नजर में चढ़ गया था। अजनाला की घटना के बाद वह इतना उद्दंड हो गया था कि खुलेआम केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय को चुनौती देने लगा था। आखिरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस को उसकी गिरफ्तारी में मदद की और पुख्ता रणनीति के तहत उसे पकड़ने की कोशिश की गई। मगर पुलिस को चकमा देकर अमृतपाल भाग निकला और करीब पैंतीस दिनों तक छिपता फिरा। फिर पंजाब के मोगा जिले के रोडे गांव के गुरुद्वारे में उसके होने की सूचना मिली और बिना किसी कवायद के वह पकड़ा गया।अमृतपाल के सभी प्रमुख समर्थक पकड़े जा चुके हैं। इस तरह उसके पकड़े जाने के बाद अब खालिस्तान के समर्थन में भड़काई जा रही चिनगारी के शांत पड़ जाने की उम्मीद की जा रही है। पंजाब सरकार ने भी चेतावनी दी है कि जो भी राज्य में शांति भंग करने का प्रयास करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और वहां सुरक्षा–व्यवस्था के मामले में किसी भी तरह की कोताही किसी बड़ी आतंकी साजिश को हवा दे सकती है।ऐसे में अमृतपाल वहां अलगाववादी आंदोलन भड़काने की कोशिश कर रहा था, फिर भी पंजाब पुलिस उस तरह सख्ती बरतती नजर नहीं आई थी, जैसी अपेक्षा की जाती है। क्या वजह थी कि अजनाला थाने पर हमले के बाद भी उसे निर्भय घूमते रहने का मौका दिया गया और वह पत्रकारों को साक्षात्कार दे रहा था। फिर जब पुलिस अमृतपाल को पकड़ने के लिए सक्रिय हुई, तब भी वह कैसे पुलिस घेरे के भीतर से भाग निकला, इस सवाल का जवाब अभी तक नहीं मिल सका है। पैंतीस दिनों तक वह लुकाछिपी का खेल खेलता रहा। कभी कहीं किसी सीसीटीवी में वह नजर आ जाता, तो कभी कहीं। जबकि उसे पकड़ने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबल और पंजाब पुलिस मिल कर तलाशी अभियान चला रहे थे। कैसे उस तक पहुंचने में उनका खुफिया तंत्र इतने समय तक नाकाम रहा। अच्छी बात है कि अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद पंजाब में किसी तरह का बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। इससे यह स्पष्ट है कि अमृतपाल का कोई बड़ा जनाधार था भी नहीं। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि पंजाब सरकार को इतने भर से संतोष कर लेना चाहिए। सतत निगरानी रखनी पड़ेगी कि उसकी सुलगाई हुई अलगाववादी चिंगारी फिर न धधकने पाए।

# लघु महाकुंभ के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी

## कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन और समिति के सदस्यों ने लिया जायजा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। श्रीराम महायज्ञ संचालन समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के प्रख्यात तीर्थ भद्रतुंगा में तीन मई से शुरु हो रहे 11 दिवसीय कुर्माचल लघु अर्द्धकुम्भ की तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। अनुष्ठान स्थल पर पांच कुण्डीय हवनशाला और प्रवचन मंडप का निर्माण शुरु हो गया है। विधायक सुरेश गढ़िया के निर्देश पर पीएमजीएसवाई ने मुनार, सूपी, तरसाल सड़क के रिखाड़ी गांव के समीप से मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन लगा दी है। महामंडलेश्वर अभिराम दास, यज्ञ संचालन समिति के जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने यहां चल रही तैयारियों का मौका मुआयना करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अनुष्ठान स्थल भद्रतुंगा में श्री रामयज्ञ के लिए पांच हवन कुंड के लिए पत्थरों की वेदियों का निर्माण शुरु हो गया है। यज्ञ और प्रवचन के लिए पंडाल बनाने के लिए बांस के बंब्बू पहुंचने शुरु हो गए हैंस ब्लॉक कार्यालय की ओर से यहां फाइवर के 10 शौचालय खडे कर दिए हैं। जिला पंचायत की ओर से टांट पट्टी के 15 शौचालयों का निर्माण जल्दी होने का प्रस्ताव हैस रसोईघरों के समीप सुरक्षा दीवार का निर्माण शुरु हो गया



हैस नागा साधुओं के रात में रहने की सुविधा के लिए कुटिया बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। पीएमजीसवाई ने मुनार के रिखाड़ी गांव के समीप सड़क में जेसीबी मशीन लगाकर मलबा हटाने का काम शुरु कर दिया है। संचालन समिति के अध्यक्ष भौर्याल ने लोनिवि को भराडी से मुनार तक सड़क की हालत जल्दी सुधारने को कहा है। उधर विधायक सुरेश गढ़िया की निधि से मैदान का समतलीकरण का काम भी तेजी से चल रहा हैस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवारिक गुरु और महामंडलेश्वर ने अनुष्ठास्थल पर चल रहे सभी कार्यों को बारीकी से देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संचालन समिति के अध्यक्ष भौर्याल ने कहा कि अर्द्धकुम्भ को भव्य और दिव्य बनाने के भरपूर प्रयास चल रहे हैं उन्होंने लोगों से विश्व शांति और जन कल्याण के लिए आयोजित इस महा अनुष्ठान को यादगार बनाने में तन मन और धन से सहयोग करके पुण्य का भागी बनने की अपील की है। वहां श्री स्वामी संत रामानंद आश्रम के श्री महंत देवानंद दास, पूर्व प्रमुख हरीश शाही, ग्राम प्रधानों में जगत टाकुली रिखाड़ी, नरेंद्र टाकुली बैछम, श्रीसनातन सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश गढ़िया, उपाध्यक्ष गिरीश जोशी, सचिव गणेश चंद्र उपाध्याय और खीम बाबा थे। लघु अर्द्धकुम्भ को लेकर लोगों में उत्साह है। दिल्ली के एक भक्त ने श्रद्धालुओं की सुविधा के 100 गद्दे और इतने ही कंबल भेंट किए हैं। पूर्व जिला पचांयत अध्यक्ष विक्रम शाही, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हरीश शाही, होटल प्रबंधक राजा शाही, घनश्याम पंत, ठेकेदार प्रकाश मेहता, गंगा सिंह बड़ती, रविंद्र शाही, प्रकाश शाही और भुवन भट्ट ने अपनी ओर से आटा, चावल और तेल के टिन भेंट किए हैं।

# राजीव भरतरी की याचिका पर प्रमुख वन सचिव और अन्य से मांगा जवाब

नैनीताल। अपने खिलाफ जारी सरकार के आरोपपत्र को चुनौती देने वाली राजीव भरतरी की याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रमुख वन सचिव और अन्य को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी।मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता राजीव भरतरी को ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उन्हें यह आरोपपत्र बिना उनका पक्ष जाने दिया गया है। याचिका में कहा गया कि आरोपपत्र के साथ जो दस्तावेज संलग्न किए गए हैं वे भी अस्पष्ट हैं। बता दें कि सरकार ने राजीव भरतरी को आरोपपत्र जारी किया था जिसमें उन पर कॉर्बेट पार्क में पेड़ कटान में ठोस कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। भरतरी का कहना था कि उन्होंने कॉर्बेट प्रकरण में ठोस कार्रवाई की है इसीलिए तत्कालीन वन मंत्री ने अपने पसंदीदा अधिकारी को बचाने के लिए उन्हें पद से हटा दिया था। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि प्रस्तुत याचिका केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण में दाखिल होनी चाहिए थी।

# स्कूल में बच्चों को पढ़ाते हुए अचानक बेहोश हुई टीचर,मौत

रामनगर। रामनगर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षिका अचानक बच्चों को पढ़ाते हुए अचेत हो गई। जब शिक्षिका को उठाने की कोशिश की गई तो उसकी मौत हो चुकी थी। रामनगर के स्कूल में एक शिक्षिक क्लास में बच्चों को पढ़ा रही थी। इस से पहले अपने जन्मदिन के मौके पर मिली बधाइयों का वो धन्यवाद कर रही थी। अचानक क्लास में शिक्षिका बेहोश हो गई। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। ये देखकर बच्चे स्तब्ध हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक रमा बेला पत्नी अनिल बेला कालाढूंगी क्षेत्र के मोहनपुर रौतेला राजकीय प्राथमिक विद्यालय गैबुआ में शिक्षिका थीं। जो कि हल्द्वानी के ऊंचापुल निवासी थी। सोमवार को उनका जन्मदिन था। पेसबुक पर लोग उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे थे। वो भी रोज की ही तरह सुबह स्कूल पहुंचीं। बच्चों ने भी उन्हें विश किया तो उन्होंने उनका धन्यवाद भी किया। जिसके बाद वो बच्चों को पढ़ाने लगी। इसी बीच वो अचानक से बेहोश हो गई। ये देख बच्चे घबरा गए।शिक्षिका को बेहोश देख बच्चे घबरा गए। जिसके बाद बच्चों ने भोजनमाता को इसकी जानकारी दी। भोजनमाता ने इसकी जानकारी प्रधानाध्यापिका नीता वर्मा को दी। शिक्षिका को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# हाईकोर्ट ने ट्रेटा पैक में शराब की बिक्री पर लगी रोक हटाई

## शराब के 200 एमएल के टेट्रा पैक पर क्यूआर कोड लगाने तथा प्रति पैक दस रुपये प्रोत्साहन राशि देने के दिये निर्देश

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने राज्य में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए शराब के ट्रेटा पैक की बिक्री को लेकर दायर जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया है। इसके साथ ही ट्रेटा पैक की बिक्री पर लगी रोक हटा दी गई है। कोर्ट ने सरकार से टेट्रा पैक पर क्यूआर कोड लगाने तथा प्रति पैक दस रुपये प्रोत्साहन राशि देने के लिए कहा है। राज्य सरकार की ओर से पेश शपथपत्र में कहा गया कि सभी उत्पादक निर्माताओं को निर्देश दे दिए हैं कि सभी टेट्रा पैर पर क्यूआर कोड लगाएं। इस आधार पर कोर्ट ने जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष चंपावत निवासी नरेश चंद्र की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सिंगल यूज प्लास्टिक मामले को इससे जोड़ते हुए ट्रेटा पैक की श्रेणी में बिकने वाले अन्य उत्पादों पर भी बार कोड लगाने और उनके रेपर को विक्रेता तक वापस लेने की नीति का प्रस्ताव कोर्ट में पेश करने के लिए कहा। कोर्ट ने कहा कि नागरिक अपने नैतिक जिम्मेदारियों का उल्लंघन कर रहे है। इसलिए कोर्ट का कर्तव्य है कि उनको इसकी याद दिलाई जाए। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि वेस्ट के निस्तारण के लिए सरकार क्या कदम उठा सकती है। इस संबंध में राज्य सरकार ने जवाब पेश कर कहा कि इस मामले को सरकार गंभीरता से ले रही है और ट्रेटा पैक पर बार कोड लगाकर उसे वापस लेने की नीति बना रही है। वहीं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से कहा गया कि चार धाम यात्रा पर राज्य सरकार ने जिस तरह प्रदूषण के नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक वाटर बोतल व प्लास्टिकयुक्त पैक सामग्री पर क्यू आर कोड लगा रही है उसी तरह प्रत्येक ट्रेटा पैक पर भी क्यूआर कोड लगाए जाएं। विक्रेता ग्राहक से निर्धारित मूल्य से दस रुपये अधिक लेंगे। यह भी शर्त रखेंगे कि दस रुपये तभी वापस होंगे जब यह पैक उपयोग के बाद दुकानदार को वापस करेंगे। चंपावत निवासी नरेश चंद्र ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि सरकार की नई आबकारी नीति के अनुसार शराब के 200 एमएल के पैक को ट्रेटा पैक में बेचने की योजना है। ये सरकार के प्लास्टिक वेस्ट नियमावली के विरुद्ध है। इसकी वजह से पर्यवारण को नुकसान होगा। याचिकाकर्ता की ओर से इस पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार एक ओर प्लास्टिक कूड़े पर रोक नहीं लगा पा रही है, दूसरी तरफ टेट्रा पैक में इसे बेचने की अनुमति भी दे रही है, जिसकी वजह से प्रदूषण और बढ़ेगा।

# बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन कल

हल्द्वानी। जनपद प्रभारी/ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या की अध्यक्षता में 26 अप्रैल (बुधवार) को 11 बजे से पूरन सिंह मोहन सिंह इन्टर कालेज में बहुउद्देशीय शिविर, जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर, जनता दरबार में राजस्व विभाग द्वारा स्थाई निवास, जाति, आय, चरित्र प्रमाण पत्र, के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकलांगों का स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती महिलाओं व मोतियाबिन्द का परीक्षण, विकलांग व्यक्तियों का परीक्षणोपरान्त विकलांगता प्रमाण पत्र दिया जाएगा और ग्राम्य विकास विभाग जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल, समाज कल्याण द्वारा विभिन्न प्रकार का पेंशन (विधवा, विकलांग व अन्य) के साथ ही उद्यान विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही औषधि वितरण एवं बीज दिये जायेंगे। पेयजल निगम द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी के साथ ही जलसंस्थान एवं विद्युत विभाग द्वारा त्रुटिपूर्ण बिलों के संशोधन के साथ ही बिलों का भुगतान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मनीष कुमार को निर्देश दिये हैं कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय करते हुए बहुउददेशीय शिविर, जनता दरबार हेतु आवश्यक व्यवस्थायें करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद के सम्बन्धित अधिकारियों को बहुउददेशीय शिविर, जनता दरबार में ससमय स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर ब्लैक लिस्ट होगी हेली कंपनी

देहरादून। हेलीकॉप्टर के पंखे से कट कर वित्त नियंत्रक अमित सैनी की मौत के बाद उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चेता है। यूकाडा ने हेलीकॉप्टर में उतरने और चढ़ने के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए कंपनियों को सख्त निर्देश दिए हैं।यूकाडा की ओर से जारी दिशानिर्देश के अनुसार हेलीपैड पर बोर्डिंग से पहले हेली कंपनियों की ओर से यात्रियों को सुरक्षा संबंधित जानकारी दी जाएगी। हेलीकॉप्टर में चढ़ते और उतरने समय सुरक्षा के लिए हेली ऑपरेटर कंपनियां मार्शलिंग और ग्राउंड स्टाफ की तैनात करेगी। इसके साथ ही हेलीकॉप्टर में यात्री सुरक्षा ब्रीफिंग कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। हेलीकॉप्टर में यात्रियों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। इसके लिए यात्रियों को सीट बेल्ट बांधने और खोलने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देनी होगी। हेलीकॉप्टर में एयर सिकनेस बैग होने के साथ ही यात्रियों को प्रयोग करने के बारे में बताना होगा। आपात स्थिति में यात्रियों को निकासी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। हेलीकॉप्टर में खुली वस्तुएं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। जो हवा में उड़ सकती है। इस बारे में ऑपरेटरों के माध्यम से यात्रियों को जानकारी दी जाएगी। टेल रोटर के नीचे कैप, स्कार्फ ले जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। साथ ही हेलीकॉप्टर से संपर्क न करने की यात्रियों को सख्त चेतावनी दी जाएगी।हेली सेवा जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग से पहले चित्र के माध्यम से हेलीकॉप्टर के पीछे की तरफ न जाने की जानकारी दी जाएगी। जिससे यात्री आसानी से समझ सके कि हेलीकॉप्टर के पीछे की तरफ जाना कितना जोखिम भरा जा सकता है। हेलिकाप्टर में प्राथमिक चिकित्सा किट भी उपलब्ध रहेगी। हेलिपैड पर प्रतीक्षालय में साइनेज लगाकर सुरक्षा संबंधित जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मानकों का उल्लंघन करने पर हेली ऑपरेटर कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। डीजीसीए को भी इस संबंध में सूचना दी जाएगी। यूकाडा ने कंपनियों को सुरक्षा संबंधित मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# 10 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को विजिलेंस ने किया गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून के विकासनगर में हरबर्टपुर के बंशीपुर स्थित एक जमीन के अभिलेखों में वारिसान दर्ज कराए जाने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत लेने के दौरान विजिलेंस टीम ने एक पटवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी विजिलेंस ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत सही पाए जाने पर विजिलेंस ने पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ने का जाल बिछाया था।शिकायतकर्ता मदन सिंह नेगी के पिता ने 1991 में बंशीपुर हरबर्टपुर में दो जमीनें खरीदी थी जो उनके नाम दर्ज थी। उनके पिता की मृत्यु के बाद जमीनों के अभिलेखों में वारिसान के तौर पर उनके परिवार के सदस्यों का नाम दर्ज नहीं हुआ। वारिसान दर्ज कराने के लिए शिकायतकर्ता ने अपने बड़े भाई कमल सिंह नेगी के नाम से एक महीने पहले हल्का पटवारी ओमप्रकाश को प्रार्थना पत्र देकर नाम दर्ज कराने की कार्रवाई करने की मांग की।शिकायतकर्ता का आरोप था कि पटवारी ने नाम दर्ज कराने के एवज में उससे दस हजार रुपये की मांग की। इसलिए उसने पुलिस सतर्कता विभाग से इसकी शिकायत की। सतर्कता विभाग की पुलिस अधीक्षक रेणू लोहानी के दिशा-निर्देशन में मामले की प्रारंभिक जांच की गई तो आरोप सही पाए गए। इसके पश्चात सतर्कता टीम का गठन करके पटवारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गयाइसी क्रम में सोमवार को टीम के माध्यम से पटवारी को बतौर रिश्वत दस हजार रुपये प्रदान किए गए, जिसे पटवारी ने ले लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी पटवारी ओमप्रकाश पुत्र बृजलाल निवासी केदारपुरम देहरादून को रंगे हाथ गिरफ्तार करके उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम को नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। पिछले दस दिन में विजिलेंस ने प्रदेश में तीन अधिकारियों-कर्मचारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पहला मामला हरिद्वार में सामने आया था, जिसमें पुलिस के दरोगा को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा गया था। दूसरे मामले में रुड़की में चकबंदी के पेशकार को दस हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया। अब पटवारी को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया है।

## पेज एक का शेष...

**भक्तों के लिये खुले...** मौसम खराब होने के कारण समय पर नहीं पहुंच पाये। मौसम ठीक होते ही सीएम केदारनाथ मंदिर पहुचे और पूजा-अर्चना की। कपाट खुलने के साथ ही आज केदारनाथ धाम में हेली सेवा का संचालन शुरू हो गया है। केदारनाथ हेली सेवा की सात मई तक बुकिंग फुल हो चुकी है। सोमवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य देखने के लिए गुजरात के बडोदरा से 800 श्रद्धालुओं का जत्था भी केदारनाथ धाम पहुंचा।केदारनाथ यात्रा के पैदल मार्ग पर गुजरात से आए इन श्रद्धालुओं ने बदरी-केदार के नाम की लाल रंग की टोपी पहनी थी। इन श्रद्धालुओं में केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर काफी उत्साह दिखा। बाबा केदार के जयकारे लगाते हुए यात्रा पर आगे बढ़ रहे थे। दल में शामिल दीपक ने बताया कि बडोदरा से 800 श्रद्धालुओं का जत्था आया है। बाबा केदार के दर्शन करने के बाद पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में केदारनाथ धाम को संवारने का संदेश लेकर भी जाएंगे। वहीं जालंधर से 100 श्रद्धालुओं का जत्था केदारनाथ धाम पहुंचा।

**विधायक के नाम पर...** टेंपो चालकों का उत्पीड़न बंद कराना चाहिए। विश्वास ने कहा कि टैंपो चालकों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जायेगा। इस दौरान रामवीर, अवधेश, ओमबापू, राजन, कालीचरन, राहुल मण्डल, कृपा राठौर, संतोष यादव, असलम खान, देवप्रकाश, विनोद,अ मरदास, गुड्डू, तापस, प्रमोद सिंह,कृपाल राठौर, वेद प्रकाश, राकेश, बाबू राम, दिनेश चन्द्र, संतराज, विपलव, अजय, लेखराज, शनि, कृष्णा, आदि थे।

**सूडान में फंसे...** जानकारी जुटाने में लगा है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों के सात लोग सूडान में फंसे हैं। इनमें से देहरादून जिले से नंदकिशोर, टिहरी जिले से मोर सिंह, रुद्रप्रयाग जिले से जयपाल सिंह के अलावा जुनैद अली, सलमा, इनायत त्यागी और जुनैद त्यागी सभी हरिद्वार जिले के रहने वाले हैं।

**पुलिसकी तत्परता..** कर पीड़ित तक पहुंचाया। बदायूं निवासी पीड़ित ने किच्छा कोतवाली पहुंचकर किच्छा पुलिस को धन्यवाद देते हुए उनकी सराहना की उन्होंने कहा कि अगर उनको यह पैसे नहीं मिलते तो उनके पारिवारिक मित्र पर खासा संकट छा जाता है उन्होंने किच्छा कोतवाली पुलिस को धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया।

# वन क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी कीमत पर नहीं होगा बर्दाश्त : मधुकर

हल्द्वानी। प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी इन दिनों लैंड जिहाद पर सख्त दिखाई दे रहे हैं। इसी के मद्देनजर हल्द्वानी पहुंचे मुख्य वन संरक्षक एवम वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अधिकारी डॉ पराग मधुकर धकाते ने वन पंचायत कार्यालय में सभी वन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और वन क्षेत्र से सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए धकाते ने कहा कि अतिक्रमण को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह धार्मिक गतिविधियों के नाम पर ही अतिक्रमण क्यों ना किया



गया हो। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत ऐसे अतिक्रमण जो हाल फिलहाल में हुए हैं उनमें तत्काल नोटिस देकर उन्हें तोड़ा जाएगा।नोडल अधिकारी डॉ पराग मधुकर धकाते ने कहा वन क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खासकर धार्मिक गतिविधियों की आड़ में हो रहे अतिक्रमण पर भी त्वरित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों लैंड जिहाद पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग की जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद वन विभाग के मुखिया द्वारा वन भूमि में अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे तोड़ने के लिए डॉ पराग मधुकर धकाते को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# मलेरिया को लेकर किया जागरूक

किच्छा(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय मलेरिया दिवस का आयोजन समुदायिक स्तर पर किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सी0एच0ओं0, आशा, आगंनवाडी, ग्राम सदस्यों के साथ लोगो ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रतिभागीयों को निम्न बिन्दुओं पर जानकारी प्रदान की गई।राज्य एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत पॉयलट प्रोजेक्ट के संचालन हेतु खण्ड विकास अधिकारी के अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्राम पंचायत को चयनित कर पॉयलट



प्रोजेक्ट के रूप में संचालन किया। जिसमें समुदाय को सशक्त व क्षमता वर्धन कर समुदाय स्तर पर पहला प्रतिक्रिया हेतु प्रशिक्षित किया। इस मौके पर डा0 अखिलेश त्रिपाठी तकनीकि अधिकारी, सी0डी0सी0 द्वारा वर्चअल माध्यम बताया गया कि मलेरिया रोग कई मरीजों के लिए मौत का पैगाम बनकर सामने आता है। मच्छारों के कारण फैलने वाली इस विमारी में हर साल कई हजार लोग जान गवा देते है। कार्यक्रम में डा अमृता गुप्ता, वरिष्ठ तकनीकि अधिकारी, सीडीसी डा. राजीव शर्मा, डा0 पंकज कुमार, राज्य मलेरिया प्रभारी, सी0एच0ओं0 जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, आशा एग्नेस जॉन, मरियम पॉल, आनीता, आशा फैसिलिटेटर श्रीमती सुखजिन्दर कौर, ए0एन0एम0 सन्दीप कौर, आगनवाडी कार्यकत्री, जिला समन्वयक मनोज कुमार सिंह थे।


**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरी सम्पत्ति जो कि प्लॉट न. आर 19 खाता सं. 48 गाटा संख्या 58/3 साईज यानि 111.52 वर्ग मीटर जिसका बही न. 1 जिल्द 1714 के पृष्ठ 387 से 412 पर क्रमश: 1164 है। जो मेरे नाम पर रजिस्टर्ड है। उक्त सम्पत्ति की दो रजिस्ट्रियां हैं जो पुष्पा देवी पत्नी पूरन राम जिसका सीरियल नम्बर 563 है। एवं कमला देवी पत्नी रमेश गिरी नक्शा विलेख सं. 6626/ 2015 है। जो वास्तव में खो गई है।

**भावना यादव पत्नी करन पाल निवासी कौशल्या इन्क्लेव, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**


# उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की संदिग्ध हालात में मौत

हरिद्वार। हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की जेल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और तहसील प्रशासन की टीम जेल में पहुंची और पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। जहां फोरेंसिक विशेषज्ञ की मौजूदगी में डॉक्टरों का पैनल पोस्टमार्टम करेगा। जेल प्रशासन के मुताबिक, ग्राम मरगूबपुर थाना बहादराबाद निवासी महमूद का बेटा नूर अहमद (74) को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा हुई थी। करीब 12 साल से नूर अहमद जेल में सजा काट रहा था। सोमवार को तड़के नमाज पढ़ने के लिए उठा और वजू करने लगा। इसी बीच तबीयत बिगड़ी और पीछे की तरफ गिर गया। यह देखकर बंदी रक्षक तत्काल जेल के अंदर ही बने अस्पताल में उसे ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक मनोज कुमार आर्य ने प्रशासन और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। तहसील से नायब तहसीलदार आरके नौटियाल और सिडकुल थाना से दरोगा बलवंत जेल पहुंचे। नायब तहसीलदार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से शव को ऋषिकेश एम्स भेज दिया गया है। एम्स में पैनल के बीच पोस्टमार्टम होगा। नायब तहसीलदार आरके नौटियाल ने बताया कि हृदय गति रुकने से मौत होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पूरा कारण स्पष्ट हो पाएगा। कारागार या फिर पुलिस अभिरक्षा में मौत होने के बाद शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों का पैनल करता है। जिसमें फोरेंसिक विशेषज्ञ की भी मौजूदगी रहती थी। कार्यवाहक सीएमएस डॉ. चंदन मिश्रा ने बताया कि फोरेंसिक विशेषज्ञ की मौजूदगी में पूरे पैनल के बीच कैदी के शव का पोस्टमार्टम ऋषिकेश एम्स में होगा। यहां फोरेंसिक विशेषज्ञ न होने के कारण शव को एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एसडीआरएफ में होगी एक तिहाई महिला कार्मिकों की नियुक्ति : धामी

## प्रतिनियुक्ति की समयावधि 07 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष की जाएगी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रान्ट में एसडीआरएफ के नवनिर्मित मुख्यालय भवन एवं फायर स्टेशन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 11 हजार फीट से अधिक ऊँचाई पर किए जाने वाले रेस्क्यू कार्यों के लिए एसडीआरएफ में कार्य करने वाले राजपत्रित अधिकारियों को अर्द्धसैनिक बलों की तर्ज पर 1500 एवं अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 1000/दिन जोखिम भत्ता प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबन्धन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से एसडीआरएफकी छठी कम्पनी गठित की जाएगी, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर एक-तिहाई महिला कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी। एसडीआरएफ में प्रतिनियुक्ति की समयावधि 07 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि लगभग 144.43 करोड़ की लागत से निर्मित एसडीआरएफ के मुख्यालय में प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अन्य गतिविधियां भी होंगी। एसडीआरएफ के जवानों और अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन साहस, वीरता, सेवा और समर्पण भाव से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसडीआरएफ उत्तराखण्ड ने अपनी कार्यकुशलता एवं रेस्क्यू दक्षता के चलते राज्य के आम जनमानस के साथ-साथ प्रतिवर्ष धार्मिक, आध्यात्मिक एवं साहसिक पर्यटन हेतु राज्य में आने वाले लाखों लोगों के मन मस्तिष्क में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम में हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार ने भी विचार रखे। इस अवसर पर विधायक श्री बृज भूषण गैरोला, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा समेत एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





# आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। समग्र शिक्षा, उत्तराखंड एवं जिला उधम सिंह नगर शिक्षा विभाग के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिसई में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई बालिका सुरक्षा कार्यक्रम आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन कराटे प्रतियोगिता कराकर किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य जाहिद अली ने कहा कि उत्तराखंड सरकार व समग्र शिक्षा की यह मुहिम छात्राओं का आत्मबल बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि शिविर में अच्छी तरह प्रशिक्षण लेकर अपने परिजनों व सहेलियों को भी आत्मरक्षा के तौर-तरीकों के बारे में बताएं। शिविर में प्रशिक्षिका हिमा भट्ट द्वारा छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैकर को धूल चटाना जैसी तकनीकों के साथ साथ छात्राओं को की-हॉन में ब्लॉक, पंच, किक, काता, रोल, थ्रो एवं महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया। शिविर में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन उधम सिंह नगर के महासचिव व प्रशिक्षक सेंसेई ऋषि पाल भारती द्वारा छात्राओं में खुद की रक्षा का आत्मविश्वास जगाया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना खुद कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी बालिकाएं स्वयं की रक्षा करना सीखें। अगर कोई आपके प्रति गलत नीयत रखता है या आपकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करता है। उसकी तत्काल अपने अभिभावकों, स्कूल में हैं तो स्कूल प्रबंधन और पुलिस को जरूर जानकारी दें। अतः प्रत्येक बालिकाएं सबल बने तथा आत्मरक्षा की शिक्षा पाए जिससे निडर व बेखौफ होकर जीवन को जीया जा सके। आगे जिला जुजित्सू संघ, ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेंसई जॉनी हिराम तिग्गा ने कहा कि बेटियां अपराजिता बनें ताकि उनको कोई हरा न सके। स्कूल और कोचिंग जाते समय या फिर बाजार में यदि कोई आप पर फब्तियां कसे या अभद्रता करे तो इसे नजर अंदाज न करें। ऐसी हरकतों के खिलाफ आप मुखर हों ताकि मनचलों का मनोबल न बढ़ सके। ऐसी घटनाओं में यदि आपने चुप्पी साधी तो ऐसे अपराध बढ़ेंगे। प्रतियोगिता में अंडर 12 वर्ष बालिका कुमिते स्पर्धा में वैष्णवी ने स्वर्ण, मेनका ने रजत, किरण और साजिया ने कांस्य पदक, 14-15 कैडेट आयु बालिका वर्ग की 40 किग्रा भार में हेमप्रभा ने स्वर्ण, ईरम ने रजत, गुनगुन जोशी और पायल ने कांस्य पदक, एवं 50 भार वर्ग में आंचल ने स्वर्ण, कुमकुम ने रजत, फरत और अर्पिता ने कांस्य पदक जीते। कार्यक्रम के समापन अवसर जिला जुजित्सू संघ, ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेंसई जॉनी हिराम तिग्गा, महासचिव ऋषि पाल भारती, प्रधानाचार्य जाहिद अली, हिमा भट्ट सहित विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी अध्यापकों द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की मंजू खुलवे, विद्या वर्मा, ओम प्रकाश गंगवार, गोविंद राम गंगवार, ऋचा जोशी सभी मौजूद रहे।



# राइस मिलर्स एसोसिएशन ने सीएम को भेजा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)।राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भुसरी के नेतृत्व में राइस मिलर्स व्यापारियों ने तहसील परिसर पहुंचकर उप जिलाधिकारी अनामिका को सीएम संबोधित 4 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौपा।राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भुसरी ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को राहत देने के साथ-साथ प्रसंस्करण इकाइयों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस में छूट की घोषणा की है जिससे प्रसंस्करण इकाइयां किसानों से सीधे मंडी उपज खरीद सकेंगे।इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का मंडी शुल्क एवं विकास सेस नहीं देना होगा उत्तराखंड की भी सभी राइस एवं फ्लोर मिल्स एवं प्रसंस्करण इकाइयां कच्चे माल के लिए उत्तर प्रदेश की मंडियों पर निर्भर है ज्यादातर इकाइयां उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर स्थापित है ऐसी स्थिति में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के मंडी शुल्क नियमों में भिन्नताएं हैं। इसकी वजह से उत्तराखंड के उद्योग प्रतियोगिता नहीं कर पा रहे हैं एवं बंदी की कगार पर पहुंच चुके हैं। अध्यक्ष अनिल भुसरी ने चार सूत्रीय मांगों को दोहराते हुए कहां उत्तराखंड में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मंडी शुल्क 1% व विकास सेस .5 कुल 1.5 किया जाए।दूसरी मांग के रूप में उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की तर्ज पर प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा किसानों से सीधे खरीद करने पर मंडी शुल्क एवं विकास सेस की छूट प्रदान की जाए जैसा उत्तर प्रदेश में किया गया है ।तीसरी मांग पर उन्होंने कहा राज्यों में अन्य राज्यों से मंडी शुल्क एवं विकास सेस का भुगतान कर प्रसंस्करण हेतु लाए गए कृषि उत्पाद पर एवं उससे तैयार उत्पाद पर मंडी शुल्क एवं विकास सेस की छूट प्रदान की जाए वही चौथी मांग पर उन्होंने कहा चावल को उत्तराखंड कृषि उत्पाद विकास एवं विनियमन अधिनियम की निदृष्ट कृषि उत्पाद की सूची से बाहर की जाए। उन्होंने उप जिला अधिकारी महोदय को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा वही मंडी समिति सचिव योगेश चन्द्र तिवारी एवं मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर को भी सौपा गया है।। इस दौरान राइस मिलर्स एसोसिएशन के महामंत्री पंकज बजाज कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार भठ्ठी,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, राइस मिलर्स एसोसिएशन उपाध्यक्ष संजय खेड़ा,हरबंस लाल डंग, अनमोल डंग,गौरव भुठ्ठी, रजत भुठ्ठी, नीतू डावर ,मोती खेड़ा ,गौरव गुंबर ,गगन डंग, अजय खेड़ा, किशन बत्रा, अंकित अग्रवाल मनदीप सिंह सहित भारी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।



# झोपड़ी में आग से मवेशी की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों से लगी आग से झोपड़ी जलकर राख हो गई जिसमे एक पालतू जानवर की झुलसने से मौत हो गई और दो पालतू जानवर भैंस आग से झुलस कर घायल हो गए। मोहल्ले वालों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ आग की भेंट चढ़ चुका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमाल पुत्र फिरोजा वार्ड नंबर 8 इस्लाम नगर में रहता है। घर के पास में ही झोपड़ी थी जिसमे पालतू जानवर भी पालता है रविवार की रात्रि अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग लगने के बाद आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह अंदर बंधे हुए पालतू जानवरों को बाहर निकाला लेकिन तब तक एक पालतू जानवर की मौत हो चुकी थी और दो पालतू जानवर बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गए सूचना मिलने पर तहसील कर्मी व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शंकर झा भी मौके पर पहुंचे और डाक्टर द्वारा घायल पालतू जानवरों का उपचार किया। थोड़ी ही देर में वहां पर जनप्रतिनिधि और आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंच गए सभासद जुनेद अंसारी ने स्थानीय प्रशासन को पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। समाजसेवी सलीम बाबा ने बताया कि पीड़ित परिवार बेहद गरीब है और प्रशासन को इनकी संभव मदद करनी चाहिए।



# कृषकों को कृषि कार्य के लिए प्रोत्साहित करेंगे किसान रथ

## प्रभारी मंत्री चंदन राम दास ने दिखाई हरी झंडी, जिला योजना के लिये 66.44 करोड़ का बजट अनुमोदित किया

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में जनपद प्रभारी मंत्री चंदन राम दास की अध्यक्षता में वार्षिक जिला योजना सरंचना 2023-24 की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला योजना 2023-24 में जनपद के विभागों की विभागवार योजनाओं हेतु कुल 66 करोड़ 44 लाख 48 हजार रुपए के अनुमोदन पर जनपद प्रभारी मंत्री चंदनराम दास ने सहमति प्रदान की। जनपद प्रभारी मंत्री चंदन राम दास ने सर्वप्रथम कृषक महोत्सव 2023 के तहत किसान रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो जनपद अंतर्गत समस्त न्याय पंचायतों में गोष्ठी के माध्यम से कृषकों को कृषि कार्य के लिए प्रोत्साहित करेगी और राज्य/एल ववीकेंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत किया जाएगा। मंत्री ने सभी विभागों से विगत जिला योजना 2022-23 के अंतर्गत दी गई धनराशि का उपयोग किस प्रकार और किन-किन कार्यों के विकास किया गया की जानकारी ली तथा समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस कार्य की सर्वाधिक आवश्यकता है और यदि कार्य जन-उपयोगी है तो वह कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। जिला पंचायत सदस्य पल्लवी चौधरी ने अपने क्षेत्र अंतर्गत वन क्षेत्र से लगे गांव में पैदल रास्ते न होने की समस्या को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा, जिसका शीघ्रता के साथ समाधान करने के लिए डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े को पैदल बटिया बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विभागीय अधिकारियों को संबंधित समस्याओं को अपने योजनाओं में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने अवगत कराया कि इस बार जिला योजना में 26 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश की जिला योजना को निस्तारित करने का प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी बताया कि सबसे पहले उनके द्वारा पिथौरागढ़ की जिला योजना को अब मुक्त किया गया है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिला योजना की 50 प्रतिशत धनराशि पिछली देनदारी पर खर्च करेंगे और 50 प्रतिशत धनराशि नई योजनाओं पर खर्च करेंगे साथ ही जो नई योजनाएं होंगी उनको 2 वर्ष में पूरा करने का संकल्प आज जिला योजना समिति ने लिया है। जिस कार्यदाई संस्था के पास काफी ज्यादा है उनको ज्यादा पैसा दिया जाए। बैठक में प्रतिभाग कर रहे डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल ने कहा उरेडा विभाग द्वारा पहली बार 25, दूसरी बार 20 और तीसरी बार 15 स्ट्रीट लाइट दी गई है। हर बार इनकी मात्रा कम हो रही है लेकिन बजट बढ़ रहा है। प्रभारी मंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि रोड के गुणवत्ता अच्छी हो, जहां जरूरत है वहां सड़क पहुंचनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद दिया। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन को जिला योजना के शत प्रतिशत उपयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पिछली बार जिला प्रशासन द्वारा अच्छा काम किया है, यह जनपद आगे बढ़ना चाहिए और जो भी योजनाएं छूटी हैं उनका प्रस्ताव तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी, पिथौरागढ़ रीना जोशी ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग के साथ जिला योजना 2023-24 के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं को संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, समस्त ब्लॉक प्रमुख, नगर पंचायत सदस्यों सहित मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाड़े, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी आदि विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



